This Question Paper consists of 50 questions and 12 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

| Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | | Code No. / कोड नं. | 68/ESS/1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

SET/सेट **A**

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र
# (318)

Day and Date of Examination :
( परीक्षा का दिन व दिनांक ) ______________________

Signature of Invigilators :
( निरीक्षकों के हस्ताक्षर ) 1. ______________________

2. ______________________

**General Instructions :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **68/ESS/1-A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.
6. In case of any doubt or confusion in the question paper, the **English** Version will prevail.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/ESS/1-A** लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।
6. प्रश्नपत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# ECONOMICS

# अर्थशास्त्र

# (318)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 100**

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

---

**Notes :**

(i) This question paper consists of **50** questions in all.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) Section - **A consists of** :

(a) **Q.No. 1 to 20 -** Multiple Choice type questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(b) **Q.No. 21 to 35 -** Objective type questions carrying **2** marks each (with **2** sub-parts of **1** mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions **21 to 35**.

(v) Section - **B consists of** :

(a) **Q.No. 36 to 42 -** Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30 to 50** words.

(b) **Q.No. 43 to 48 -** Short Answer type questions carrying **4** marks each to be answered in the range of **50 to 80** words.

(c) **Q.No. 49 and 50 -** Long Answer type questions carrying **6** marks each to be answered in the range of **80 to 120** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड - A में -**

(a) **प्रश्न संख्या 1 से 20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, जो प्रत्येक **1** अंक का है। इन प्रश्नों में प्रत्येक में दिये गये चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिये.

(b) **प्रश्न संख्या 21 से 35** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है (**दो** उपभाग के साथ प्रत्येक का **1** अंक) **प्रश्न संख्या 21 से 35** में प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(v) **खण्ड - B में -**

(a) **प्रश्न संख्या 36 से 42** अतिलघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **2** अंक हैं और उत्तर की सीमा **30 से 50** शब्द है।

(b) **प्रश्न संख्या 43 से 48** लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **4** अंक हैं और उत्तर की सीमा **50 से 80** शब्द है।

(c) **प्रश्न संख्या 49 और 50** दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **6** अंक हैं और उत्तर की सीमा **80 से 120** शब्द है।

---



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**NOTE/निर्देश :**

(1) Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.

**सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) **15** minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at **02.15** p.m. From **02.15** p.m. to **02.30** p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

---

## SECTION - A / खण्ड - A

**1.** A and B are substitute goods. An increase in price of A will lead to ________ **1**

(A) increase in demand for B.
(B) decrease in demand for B.
(C) a very little change in demand for B.
(D) no change in demand for B.

A और B प्रतिस्थापन वस्तुएँ है। A की कीमत बढ़ने से ________

(A) B की माँग बढ़ेगी।
(B) B की माँग घटेगी।
(C) B की माँग में बहुत कम परिवर्तन होगा।
(D) B की माँग में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

**2.** Supply curve of a commodity is normally : **1**

(A) positively sloped (B) negatively sloped
(C) parallel to OX-axis (D) parallel to OY-axis

एक वस्तु की पूर्ति वक्र सामान्यत: :

(A) धनात्मक ढ़लान वाली होती है। (B) ऋणात्मक ढ़लान वाली होती है।
(C) OX-अक्ष के समानांतर होती है। (D) OY-अक्ष के समानांतर होती है।

**3.** If A and B are complementary goods then increase in price of A will lead to : **1**

(A) increase in demand for B (B) decrease in demand for B
(C) no change in demand for B (D) any one of the above

यदि A और B पूरक वस्तुएँ हैं, तो A की कीमत बढ़ने पर :

(A) B की माँग बढ़ेगी। (B) B की माँग घटेगी।
(C) B की माँग में कोई परिवर्तन नहीं होगा। (D) उपरोक्त में कोई भी।

**4.** Average propensity to consume is equal to : **1**

(A) $\frac{C}{Y}$ (B) $\frac{Y}{C}$ (C) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$ (D) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$

औसत उपयोग प्रवृत्ति बराबर होती है :

(A) $\frac{C}{Y}$ के (B) $\frac{Y}{C}$ के (C) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$ के (D) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$ के



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

5. Which of the following is included in National Income ? 1

(A) Receipts from sale of old newspapers (B) Sale of old house

(C) Gifts received from employer (D) None of the above

निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय में शामिल करते हैं ?

(A) पुराने अखबार बेचने के बाद प्राप्त राशि (B) पुराने मकान का विक्रय

(C) नियोजकों से पाया उपहार (D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

6. Which of the following is a country's National Income ? 1

(A) GNP @ f.c (B) NNP @ mp

(C) NDP @ f.c (D) NNP @ f.c

निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय कहेंगें ?

(A) साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (B) बाजार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

(C) साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद (D) साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

7. Which of the following statements are **true** ? 1

(A) Consumption expenditure can never be zero.

(B) Value of investment multiplier (k) can never be less than 1.

(C) Consumption curve touches OY-axis.

(D) All the above.

निम्नलिखित कथनों में कौन से **सही** हैं ?

(A) उपभोग व्यय कभी शून्य नहीं हो सकता।

(B) निवेश गुणक (k) का मूल्य कभी 1 से कम नहीं हो सकता।

(C) उपभोग वक्र OY-अक्ष को छूती है।

(D) उपरोक्त सभी।

8. Which of the following equations is **correct** ? 1

(A) Indirect Taxes – Direct Taxes = Subsidies

(B) Indirect Taxes – Subsidies = Net Indirect Taxes

(C) Direct Taxes + Subsidies = Net Direct Taxes

(D) None of the above

निम्नलिखित में से कौन सा समीकरण **सही** है ?

(A) अप्रत्यक्ष कर – प्रत्यक्ष कर = आर्थिक सहायता

(B) अप्रत्यक्ष कर – आर्थिक सहायता = निवल अप्रत्यक्ष कर

(C) प्रत्यक्ष कर + आर्थिक सहायता = निवल प्रत्यक्ष कर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

9. Revenue expenditure creates : 1

(A) Liability (B) Asset

(C) Both asset and liability (D) None of the above

राजस्व व्यय से :

(A) देनदारी उत्पन्न होती है। (B) परिसंपत्ति बढ़ती है।

(C) देनदारी और परिसंपत्ति दोनों उत्पन्न होती है। (D) उपरोक्त में से कोई नहीं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

10. Which of the following is a Stock ? **1**

(A) Income (B) Savings

(C) Wealth (D) None of the above

निम्नलिखित में से कौन सा स्टॉक है ?

(A) आय (B) बचत

(C) सम्पत्ति (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. Which of the following supply curves have elasticity of supply > 1 ? **1**

(A) Supply curve passing through the origin

(B) Supply curve cutting OX-axis

(C) Supply curve cutting OY-axis

(D) None of the above

निम्नलिखित में से किस पूर्ति वक्र की लोच 1 से अधिक होगी ?

(A) उद्‌गम बिंदु से गुजरती पूर्ति वक्र

(B) OX-अक्ष को काटती हुई पूर्ति वक्र

(C) OY-अक्ष को काटती हुई पूर्ति वक्र

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

12. Product is homogenous under : **1**

(A) Perfect competition. (B) Monopolistic competition.

(C) Both (A) and (B). (D) None of the above.

उत्पाद समरूप होता है :

(A) पूर्ण प्रतियोगिता में। (B) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में।

(C) (A) और (B) दोनों। (D) उपरोक्त में से किसी में नहीं।

13. When the demand of a goods 'increases', demand curve : **1**

(A) shifts to the right.

(B) shifts to the left.

(C) does not shifts but there is downward movement along the curve.

(D) there is no change in demand curve.

जब वस्तु की माँग में 'वृद्धि' होती है, तो माँग वक्र :

(A) दाँयी ओर खिसकती है।

(B) बाँयी ओर खिसकती है।

(C) नहीं खिसकती बल्कि वक्र के संगत नीचे की ओर आते हैं।

(D) माँग वक्र में कोई परिवर्तन नहीं होता।

14. A supply curve parallel to OY-axis is : **1**

(A) elastic supply curve. (B) inelastic supply curve.

(C) perfectly elastic supply curve. (D) perfectly inelastic supply curve.

OY-अक्ष के समानान्तर पूर्ति वक्र :

(A) लोचदार पूर्ति वक्र होती है। (B) बेलोचदार पूर्ति वक्र होती है।

(C) पूर्णतया लोचदार पूर्ति वक्र होती है। (D) पूर्णतया बेलोचदार पूर्ति वक्र होती है।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

15. The firm has to accept the price determined by the industry under : 1

(A) Oligopoly (B) Perfect competition

(C) Monopolistic competition (D) All the above

इसमें फर्म को उद्योग द्वारा निर्धारित कीमत को स्वीकार करनी पड़ती है :

(A) अल्पाधिकार में। (B) पूर्ण प्रतियोगिता में।

(C) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में। (D) उपरोक्त सभी में।

16. Which of the following is a direct tax ? 1

(A) Excise duty (B) Wealth tax

(C) Income Tax (D) All of the above

निम्नलिखित में से कौन सा प्रत्यक्ष कर है ?

(A) उत्पादन शुल्क (B) संपत्ति कर

(C) आय कर (D) उपरोक्त सभी

17. The value of Investment Multiplier (k) depends upon : 1

(A) value of APC. (B) value of APS.

(C) value of MPC. (D) savings.

निवेश गुणक (k) का मूल्य निर्भर करता है :

(A) औसत उपभोग प्रवृत्ति के मूल्य पर। (B) औसत बचत प्रवृत्ति के मूल्य पर।

(C) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के मूल्य पर। (D) बचत पर।

18. A point inside a production possibility curve shows : 1

(A) growth of resources (B) under utilisation of resources

(C) overutilisation of resources (D) change in technique of productions

उत्पादन संभावना वक्र के अंदर कोई बिंदु दर्शाता है :

(A) संसाधनों की संवृद्धि (B) संसाधनों का अल्प उपयोग

(C) संसाधनों का क्षमता से अधिक उपयोग (D) उत्पादन प्रणाली में परिवर्तन



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

19. Which of the following correctly defines Law of demand ? **1**

(A) When price falls demand rises.

(B) Price and demand of a good are inversely related.

(C) Price and demand move in same direction.

(D) Other things remaining the same, there is inverse relationship between price and demand of a commodity.

निम्नलिखित में से माँग के नियम की सही परिभाषा कौन सी है ?

(A) कीमत कम होने पर माँग बढ़ती है।

(B) वस्तु की कीमत और माँग में विपरीत संबंध होता है।

(C) वस्तु की कीमत और माँग एक ही दिशा में परिवर्तित होते हैं।

(D) अन्य बातें पूर्ववत् रहने पर वस्तु की कीमत और माँग में विपरीत संबंध होता है।

20. 'Inter-dependence' is the feature of this type of market : **1**

(A) Perfect competition (B) Monopoly

(C) Monopolistic competition (D) Oligopoly

'अंतर्निर्भरता' इस प्रकार के बाजार की विशेषता है :

(A) पूर्ण प्रतियोगिता (B) एकाधिकार

(C) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता (D) अल्पाधिकार

21. Fill in the blanks : **2**

खाली स्थान भरिए :

In a government budget, the receipt that either creates a liability or reduces assets is called __________ receipt, while the one which neither creates a liability nor reduces assets is called __________.

सरकारी बजट में, जो प्राप्ति देनदारी उत्पन्न करती या परिसंपत्ति घटाती वह __________ प्राप्ति कहलाती है जबकि जो न तो देनदारी उत्पन्न करती है और न ही परिसम्पत्ति घटाती है, __________ प्राप्ति कहलाती है।

22. __________ is an example of direct tax while __________ is an example of indirect tax. **2**

__________ प्रत्यक्ष-कर का एक उदाहरण है जबकि __________ परोक्ष-कर का एक उदाहरण है।

23. Measure of value is the __________ function while store of value is the __________ function of money. **2**

मूल्य का मापक __________ कार्य है जबकि मूल्य है संग्रह मुद्रा का एक __________कार्य है।

24. __________ is an example of real flow while __________ is an example of money flow in an economy. **2**

एक अर्थव्यवस्था में __________ वास्तविक प्रवाह है जबकि __________ मौद्रिक प्रवाह का उदाहरण है।

25. State **True** or **False** : **2**

(i) Stationary purchased by an office is a final good.

(ii) Sugar purchased by a shopkeeper is an intermediate good.

बताइए **सही** या **गलत** :

(i) एक ऑफिस द्वारा स्टेशनरी की खरीद अंतिम वस्तु है।

(ii) एक दुकानदार द्वारा चीनी की खरीद मध्यवर्ती वस्तु है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

26. Fill in the blanks : 2
(i) Gross Indirect Tax – Net Indirect Tax = __________
(ii) Gross Domestic Product – Net Domestic Product = __________

खाली स्थान भरिए :
(i) सकल अप्रत्यक्ष कर – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर = __________
(ii) सकल घरेलू उत्पाद – शुद्ध घरेलू उत्पाद = __________

27. 'Increase' in demand of a good leads to __________ in equilibrium price and __________ in equilibrium demand. 2

किसी वस्तु के माँग में 'वृद्धि' संतुलन कीमत में __________ लाती है और संतुलन माँग में __________ लाती है।

28. State **True** or **False** :
(i) Demand curve of a firm under perfect competition is perfectly inelastic. 2
(ii) Demand curve of a firm under monopolistic competition is perfectly elastic.

बताइए **सही** या **गलत** :
(i) पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म का माँग वक्र पूर्णतया बेलोच होता है।
(ii) एकाधिकारिक प्रतियोगिता में एक फर्म का माँग वक्र पूर्णतया लोचदार होता है।

29. Excess demand in a perfectly competitive market occurs __________ the equilibrium price while excess supply occurs __________ the equilibrium price. 2

पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में माँग आधिक्य की स्थिति संतुलन कीमत से __________ की कीमत पर होती है जबकि पूर्ति आधिक्य की स्थिति संतुलन कीमत से __________ की कीमत पर होती है।

30. State **True** or **False** : 2
(i) Giffen goods do not follow the Law of Demand.
(ii) Normal goods follow the Law of Demand.

बताइए **सही** या **गलत** :
(i) माँग का नियम गिफ्फिन वस्तुओं पर लागू नहीं होता।
(ii) माँग का नियम सामान्य वस्तुओं पर लागू होता है।

31. When price of a commodity falls __________ income of the consumer __________. 2

जब एक वस्तु की कीमत गिरती है __________ उपभोक्ता की आय __________ जाती है।

32. Goods which are used together are called __________ goods, while the goods which can be used in place of one another are called __________ goods. 2

जो वस्तुएँ एक साथ प्रयोग में आती है __________ वस्तुएँ कहलाती है, जबकि वे वस्तुएँ जो एक दूसरे के स्थान में प्रयोग में आती हैं __________ वस्तुएँ कहलाती है।

33. Fill in the blanks : 2
(i) Demand curve parallel to X-axis shows perfectly __________ demand.
(ii) Degree of responsiveness of demand to a price change is called price __________ of demand.

खाली स्थान भरिए :
(i) X-अक्ष के समानांतर माँग वक्र पूर्णतया __________ माँग दर्शाता है।
(ii) कीमत परिवर्तन से माँग की अनुक्रिया मात्रा माँग की कीमत __________ कहलाती है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**34.** State **True** or **False** : 2

(i) If with change in price total expenditure on the good also moves in the same direction, the demand for the good is elastic.

(ii) Price elasticity of demand $(-2)$ is higher than price elasticity $(-1)$.

बताइए **सही** या **गलत** :

(i) यदि वस्तु की कीमत में परिवर्तन के कारण उस पर होने वाले व्यय में एक ही दिशा में परिवर्तन हो तो उस वस्तु की माँग लोचदार होगी।

(ii) माँग की कीमत लोच $(-2)$, माँग की कीमत लोच $(-1)$ से अधिक होती है।

**35.** Fill in the Blanks : 2

खाली स्थान भरिए :

Supply of a commodity is the __________ offered for sale at a price during a __________ of time.

किसी वस्तु की आपूर्ति वस्तु की वह __________ है जो एक __________ की अवधि के दौरान बिक्री के प्रस्तुत की जाती है।

## SECTION - B / खण्ड - B

**36.** State the assumptions of law of Supply. 2

आपूर्ति के नियम की मान्यताएँ बताइए।

**37.** State any four factors that can came a rightward shift of supply curve. 2

ऐसे कोई चार कारक बताइए जिनसे एक वस्तु की पूर्ति वक्र दाँयी ओर खिसक सकती है।

**38.** Draw : (i) Total cost curve. 2

(ii) Total variable cost curve of a firm in a single diagram.

एक फर्म की : (i) कुल लागत वक्र और

(ii) कुल परिवर्ती लागत वक्र एक ही रेखाचित्र में बनाइए।

**39.** Explain the meaning of optimum utilisation resources. 2

संसाधनों के कुशलतम उपयोग का अर्थ समझाइए।

**OR/अथवा**

Explain the meaning of growth of resources.

संसाधनों के संवृद्धि का अर्थ समझाइए।

**40.** Define Median. Write the formula to calculate it in individual and Discrete series. 2

माध्यिका की परिभाषा दीजिए। व्यक्तिगत और पृथक श्रेणी में इसको गणना करने का सूत्र बताइए।

**OR/अथवा**

Explain two characteristic of Index Number.

सूचकांक की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

**41.** In a factory, there are 15 skilled and 10 unskilled workers. Their daily wage is Rs. 500 and Rs. 400 respectively. Find the average daily wage of these 25 workers. 2

एक फैक्ट्री में 15 कुशल और 10 अकुशल मजदूर काम करते है। इनकी दैनिक मजदूरी क्रमश: 500 रू. और 400 रू. है। सभी 25 श्रमिकों की दैनिक औसत मजदूरी ज्ञात कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**42.** Explain when can a production possibility curve be a straight line. **2**

एक उत्पादन संभावना वक्र सीधी रेखा कब हो सकता है? समझाइए।

**43.** State any four precautions that should be taken while estimating National Income by production method. **4**

उत्पादन विधि से राष्ट्रीय आय की गणना करते समय बरती जाने वाली कोई चार सावधानियाँ बताइए।

**44.** Calculate National Income : **4**

| | | (₹ 000) |
|---|---|---|
| (i) | Interest | 100 |
| (ii) | Wages and Salaries | 900 |
| (iii) | Compensation of Employees | 1050 |
| (iv) | Rent | 300 |
| (v) | Net Indirect Taxes | 100 |
| (vi) | Net factor Income from abroad | (−)50 |
| (vii) | Profits | 400 |
| (viii) | Consumption of fixed capital | 50 |
| (ix) | Employees contribution to social security | 150 |

राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए :

| | | (₹ 000) |
|---|---|---|
| (i) | ब्याज | 100 |
| (ii) | मजदूरी और वेतन | 900 |
| (iii) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 1050 |
| (iv) | किराया | 300 |
| (v) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 100 |
| (vi) | विदेशों से निवल साधन आय | (−)50 |
| (vii) | लाभ | 400 |
| (viii) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 50 |
| (ix) | नियोजकों का सामाजिक सुरक्षा में योगदान | 150 |

**45.** Calculate arithmetic mean from the following data : **4**

निम्नलिखित आँकड़ों से अंकगणितीय माध्य का परिकलन कीजिए :

| Marks<br>अंक | Number of Students<br>विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 0 - 20 | 10 |
| 20 - 40 | 20 |
| 40 - 60 | 15 |
| 60 - 80 | 5 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**46.** Complete the following table : **4**

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

| Output<br>उत्पादन (units) | Total cost<br>कुल लागत (Rs.) | Marginal cost<br>सीमान्त लागत (Rs.) | Average variable cost<br>औसत परिवर्ती लागत (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 0 | 20 | ___ | ___ |
| 1 | 30 | ___ | ___ |
| 2 | 38 | ___ | ___ |
| 3 | 44 | ___ | ___ |
| 4 | 52 | ___ | ___ |

**OR/अथवा**

Draw a diagram showing AC curve, MC curve and AFC curve. Explain their relationship.

औसत लागत वक्र, सीमान्त लागत और औसत स्थिर लागत वक्र एक रेखाचित्र में दिखाइए। उनका संबंध भी बताइए।

**47.** Explain the role of the Central bank as banker : **4**

(i) To the Government

(ii) To the Commercial banks

केन्द्रीय बैंक को निम्नलिखित भूमिका की व्याख्या कीजिए।

(i) सरकार का बैंकर

(ii) वाणिज्यिक बैंकों का बैंकर

**OR/अथवा**

Explain 'providing employment' objective of Budgetary policy.

बजटीय नीति का 'रोजगार के अवसर प्रदान करना' उद्देश्य समझाइए।

**48.** In an economy mpc = 0.8 and autonomous consumption is Rs. 500. Calculate its consumption expenditure if its level of income (Y) is Rs. 10,000. **4**

एक अर्थव्यवस्था में सी.उ.प्र.= 0.8 है, और स्वायत्त उपभोग = 500 रू. यदि इसका आय का स्तर (Y) 10,000 रू. है, तो उपभोग व्यय कितना होगा ?

**OR/अथवा**

Show the situation of excess demand in an economy with the help of a diagram.

एक रेखाचित्र की सहायता से एक अर्थव्यवस्था में माँग आधिक्य की स्थिति दर्शाइए।

**49.** Following table shows the marks obtained by 5 students in English and Economics. **6**

| | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
|---|---|---|---|---|---|
| Marks in English | 14 | 11 | 10 | 18 | 9 |
| Marks in Economics | 12 | 15 | 8 | 16 | 10 |

Calculate Rank correlation.

निम्नलिखित तालिका 5 विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी और अर्थशास्त्र में प्राप्त अंक दर्शाती है।

| | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी में अंक | 14 | 11 | 10 | 18 | 9 |
| अर्थशास्त्र में अंक | 12 | 15 | 8 | 16 | 10 |

क्रम सहसम्बन्ध परिकलन कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**50.** Calculate Laspeyer's Price Index. **6**

लास्पेयर के किमत सुचकांक का परिकलन कीजिए :

| | Base Year/ आधार वर्ष | | Current Year/चालू वर्ष | |
|---|---|---|---|---|
| Commodity वस्तु | Price कीमत (Rs.) | Quantity मात्रा | Price कीमत (Rs.) | Quantity मात्रा |
| A | 2 | 8 | 4 | 10 |
| B | 4 | 12 | 5 | 14 |
| C | 6 | 10 | 2 | 8 |
| D | 8 | 22 | 6 | 12 |

**OR/अथवा**

Calculate Consumer Price Index for the year 2010 on the basis of year 2005.

वर्ष 2010 के लिए, 2005 को आधार मान कर उपभोक्ता सूचकांक का परिकलन कीजिए :

| Commodity वस्तु | Weight भार | Price (2005) कीमत (2005) | Price (2010) कीमत (2010) |
|---|---|---|---|
| A | 20 | 30 | 45 |
| B | 30 | 20 | 25 |
| C | 50 | 10 | 15 |

- o O o -



Unnati Educations
9899436384, 9654279279